Regarding need to speed up the administrative approval for propsed Railway line from Panchdeori to Bhatni

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से नॉर्थ-ईस्ट रेलवे स्टेशन जोन के हथुआ- भटनी रेलवे लाइन जो 79.64 किलोमीटर है, उसकी ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । हथुआ-भटनी रेलवे लाइन को बनाने के लिए वर्ष 2019 तक 277.13 करोड़ रुपये की राशि खर्च हो चुकी है तथा 31 किलोमीटर का काम पूरा कर लिया गया है, लेकिन पंचदेवरी-भटनी सेक्शन जो 48.6 किलोमीटर है, जिसके लिए लैंड एक्वेजिशन का काम बाकी है, जिस कारण काम रुका पड़ा है । अंत: आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि पंचदेवरी से भटनी यानी 48.6 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के कार्य हेतु आवश्यक धनराशि व प्रशासनिक स्वीकृति देकर यथाशीघ्र काम शुरू किया जाए, ताकि रेलवे को रेवेन्यू भी प्राप्त हो और मेरे संसदीय क्षेत्र के 32 लाख लोगों को देश के विभिन्न कोनों में पहुंचने में आसानी हो । धन्यवाद ।